आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 27.10.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी पर चिंता व्यक्त की– उन्होंने लोगों को भयभीत न होने और डिजिटल सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह भी दी।
- प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में वैश्विक एनिमेशन और गेमिंग उद्योगों में भारत की बढती भूमिका की सराहना की।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा–आज का युग डिजिटल क्रांति का है और आर्टीफिशल इन्टेलीजेंस के जरिये समय का सदुपयोग हो रहा है।
- दीपावली के मौके पर प्रदेशभर में शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान के तहत की जा रही है कार्यवाही।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

......................

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच हुई बातचीत को भी सुनाया। बातचीत में जालसाज अपने को पुलिस, सीबीआई अथवा नार्कोटिक्स विभाग का अधिकारी बता रहा था। ऐसे जालसाज, पीड़ित से व्यक्तिगत सूचनाएं लेकर भय का माहौल पैदा कर देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और आयु समूह के व्यक्ति डिजिटल अरेस्ट के शिकार हुए हैं और उन्हें भय के चलते लाखों रुपये गंवाने पड़े हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा भी की।

कल विश्व एनिमेशन दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में गेमिंग की दुनिया का लगातार विस्तार हो रहा है और भारतीय खेल दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब एनिमेशन ऐसा उद्योग बन गया है जो अन्य उद्योगों को भी ताकत दे रहा है और वी आर टूरिज्म इसका एक उदाहरण है।

...................

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है। कभी दुनिया में सबसे ज्यादा डिफेंस इक्यूपमेंट खरीदने वाला

भारत, आज, 85 देशों को एक्सपोर्ट भी कर रहा है । स्पेस टेक्नालॉजी में भारत, आज, चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुँचने वाला पहला देश बना है। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में ख़रीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों–सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। सरदार पटेल की 150वीं जंयती इस महीने की 31 तारीख को है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को मनायी जाएगी।

.........................

मन की बात में प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया के बारे में भी बात की। उन्होंने संतोष जाहिर किया कि भारत के लोग फिटनेस के बारे में ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस पर हर साल आयोजित होने वाली रन फोर युनिटी को दीपावली के त्यौहार की वजह से दो दिन पहले 29 अक्टूबर को आयोजित करने की जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों से इसका हिस्सा बनने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आने वाले त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए सभी से पूरे उत्साह के साथ इन्हें मनाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रदेश में भी उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रदेश भाजपा की ओर से जिला मुख्यालयों और पार्टी कार्यालयों में कार्यक्रम रखा गया। इनमें बड़ी संख्या में सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

.......................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आज का युग डिजिटल क्रांति का दौर है और आर्टीफिशल इन्टेलीजेंस के जरिये समय का सदुपयोग हो रहा है। आज जयपुर में ई–लाईब्रेरी और लॉयर्स डायरी के लोकार्पण समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने अंग्रेजों के समय के अप्रसांगिक कानूनों को खत्म कर नये भारतीय कानून लागू किये है। इससे लोगों को सुलभ और जल्द न्याय मिलने की उम्मीद है। श्री धनखड ने कहा कि न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, इसमें सबऑर्डिनेट शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबॉर्डनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उद्योगपति और कॉर्पोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को दी जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए।

000

दीपावली के मौके पर मिलावटी सामान और अशुद्ध मिठाइयों की बिक्री पर रोक लगाने के लिये प्रदेशभर में शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है। सांचौर में खादय सुरक्षा टीम ने मिठाई की चार दुकानों से जांच के लिए आठ नमूने लिये। वहीं 200 किलो मावा भी नष्ट किया गया। उधर

श्रीगंगानगर में रीको क्षेत्र में चल रही फैक्ट्री पर कार्यवाही करते हुए 12 हजार लीटर घी जब्त किया गया। इस घी के मिलावटी होने की आशंका है। प्रशासन की कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री मालिक मौके से फरार हो गया।

000

आज पूरे देश में इन्फैंट्री दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन भारतीय सेना की सबसे बड़ी लड़ाकू शाखा पैदल सेना के योगदान को याद किया जाता है। 1947 में इसी दिन भारतीय सेना के इन्फैंट्री–मैन श्रीनगर हवाई अड्डे पर उतरने वाले पहले सैनिक बने थे, जिन्होंने पाकिस्तान समर्थित आक्रमणकारियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज इन्फैंट्री दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के सभी रैंकों और दिग्गजों के अदम्य साहस और भावना की सराहना की है।

000

जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में कल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, आर्थराइटिस, पेट संबंधी रोगों, स्त्री रोग, नेत्र रोग, ब्यूटी केयर और वृद्धावस्थाजन्य विकारों आदि का निदान और पंचकर्म उपचार के लिए परामर्श दिया जाएगा। इस मौके पर निःशुल्क जांच और दवा भी दी जायेगी। वहीं नशामुक्ति के लिए योग और प्राणायाम संबंधी परामर्श भी दिया जायेगा।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में कमी देखी जा रही है। इससे सुबह–शाम गुलाबी ठण्ड का एहसास होने लगा है। वहीं ज्यादातर स्थानों पर दिन में तेज गर्मी का असर बना हुआ है। बीते चौबीस घंटों में राज्य में सबसे अधिक 39 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर और जैसलमेर जिले में दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम 15 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सिरोही में रिकॉर्ड हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक राज्य में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है।

000